**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–15.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1 **झामुमो के 13 वें महाधिवेशन के आखिरी दिन कई प्रस्तावों पर लगी मुहर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष घोषित, शिबू सोरेन बनाये गये संस्थापक संरक्षक।**

2 **जेपीएससी घोटाला मामले में आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद समेत कई आरोपी सीबीआई की विशेष अदालत में हुए पेश, शुरु हो सकती है गिरफ्तारी की कार्रवाई।**

3 **मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की नार्को को–ऑर्डिनेशन सेंटर की पांचवीं राज्यस्तरीय समिति की बैठक, ड्रग्स के उत्पादन, वितरण और उपभोग पर कड़ी नजर रखने के निर्देश।**

4 **नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, लातेहार में भाकपा माओवादी के दो सक्रिय सदस्यों ने किया आत्मसमर्पण।**

5 **मौसम विभाग ने झारखंड समेत देशभर में जून तक भीषण गर्मी पड़ने का जताया पूर्वानुमान, मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश की संभावना।**

**************************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष बनाये गये हैं, जबकि दिशोम गुरु शिबू सोरेन को पार्टी का संस्थापक संरक्षक बनाया गया है। रांची में आयोजित झामुमो के 13वें महाधिवेशन के अंतिम दिन आज इसकी घोषणा की गयी। पार्टी की केंद्रीय कमेटी में 284 सदस्य बनाये गये हैं, जिनमें कई विधायक और पार्टी के वरीय नेता शामिल हैं। गांडेय की विधायक और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को भी केंद्रीय कमेटी में जगह दी गयी है।

**************************

द्वितीय जेपीएससी घोटाला मामले में आज आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद समेत कई आरोपी सीबीआई की विशेष अदालत में पेश हुए। सीबीआई ने अपनी जांच में पाया है कि तत्कालीन जेपीएससी सदस्यों और कोऑर्डिनेटरों ने मिलकर 12 अभ्यर्थियों के नंबर बढ़ाए थे। इसके अलावा कई अभ्यर्थियों की कॉपियों में छेड़छाड़ कर नंबर बढ़ाए गए थे। इस मामले को देख रहे अधिवक्ता ने बताया कि इन आरोपियों के खिलाफ समन जारी किये गये हैं और जल्दी ही उनकी गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरु हो सकती है।

**************************

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में ड्रग्स के उत्पादन, वितरण और उपभोग पर सख्ती से निगरानी रखने का निर्देश उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को दिया है। नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर की पांचवीं राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े तत्वों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

**************************

राज्य के मंत्री हफीजुल हसन के शरीयत को संविधान से ऊपर बताने वाले बयान पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने इसे संविधान का अपमान बताया है।

इधर, झामुमो हफीजुल हसन के बचाव में उतर आया है। पार्टी के प्रवक्ता मनोज पांडेय ने आरोप लगाया है कि भाजपा अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए अनाप–शनाप बयान दे रही है।

**************************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दो सक्रिय सदस्यों ने आज लातेहार जिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर अमरजीत बृजिया और मिथिलेश कोरबा ने आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया।

**************************

राज्यभर में पोषण पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में आज हजारीबाग में उपायुक्त नैंसी सहाय ने जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर श्रीमती सहाय ने कहा कि इस रथ के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों को पोषण पखवाड़ा के उद्देश्य से अवगत कराया जायेगा।

इधर, सरायकेला–खरसांवा जिले में भी उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने पोषण जागरुकता रथ को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पोषण के महत्व और कुपोषण प्रबंधन के उपायों के बारे में जानकारी दी।

**********************

भारत मौसम विज्ञान विभाग–आइएमडी ने मानसून को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने नयी दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत में चार महीने जून से सितंबर तक मानसून के मौसम में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

इस बीच पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डा. एम. रविचन्द्रन ने कहा है कि देश के कई हिस्से पहले से ही भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और मई और जून की अवधि में बहुत ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान है।

**********************

**संक्षिप्त खबरें**

- पाकुड जिले में एसबीआई की डुमरिया शाखा में डेढ़ करोड़ की राशि गबन करने के मामले में तत्कालीन शाखा प्रबंधक तेज कुमार हांसदा और सहायक सुलेमान हेम्ब्रम को गिरफ्तार कर लिया गया है।
- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने धनबाद में एसटी– एससी से जुड़े मामले की सुनवाई को लेकर बैठक की। बैठक में बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता के अनुपस्थित रहने पर आयोग ने शो–कॉज नोटिस जारी किया है।
- सरायकेला जिले के कांड्रा पदमपुर स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्स कंपनी के विस्थापितों ने गम्हरिया प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। इसमें पांच गांवों के ग्रामीण शामिल हुए।

**********************

बिहार की राजधानी पटना में 11 से 15 मई तक होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स को लेकर झारखंड कुश्ती टीम के दोनों वर्गों का चयन ट्रायल 17 अप्रैल को खेलगांव स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम में होगा। चयन प्रतियोगिता सुबह नौ बजे से होगी।

*****************